आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–11 अगस्त 2024 **सान्ध्य समाचार**

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज नई दिल्ली के भारतीय कृषि अनुसंधान संस्थान में अधिक पैदावार वाली, जलवायु अनुकूल और जैव सशक्त फसलों की एक सौ नौ किस्में जारी की। इन किस्मों में इकसठ फसलें शामिल हैं जिनमें चौंतीस खेती की तथा सत्ताइस बागवानी की फसलें हैं। खेती की फसलों में बाजरा, तिलहन, दलहन, गन्ना, कपास और अन्य फसलों के बीज शामिल हैं। बागवानी फसलों में फल, सब्जी, कंदमूल, मसाले, फूल और औषधि पौधों के बीज हैं। इस अवसर पर प्रधानमंत्री ने किसानों और वैज्ञानिकों से बातचीत भी की। नई फसल किस्मों पर प्रधानमंत्री ने कहा कि इनसे कृषि में मूल्यवर्धन होगा। किसानों ने कहा कि नई किस्मों से उनके खर्चों में कमी आएगी और पर्यावरण पर सकारात्मक प्रभाव पडेगा। श्री मोदी ने नई फसल किस्म विकसित करने के लिए वैज्ञानिकों की सराहना की। इस कार्यक्रम में प्रदेश की उन महिलाओं को भी आमंत्रित किया गया था जो जैविक खेती करने के साथ–साथ खेती में तरह–तरह के आधुनिक प्रयोग भी कर रहीं हैं। इन महिलाओं में अमरोह की चार महिला किसान भी शामिल रहीं।

****

स्वाधीनता दिवस के उपलक्ष्य में भारतीय जनता युवा मोर्चा की ओर से आज से तिरंगा यात्रा अभियान की शुरूआत की गयी। अभियान के तहत प्रदेश के लगभग सभी जिलों में रैलियां निकाली गयी और लोगों से भारतीय जनता पार्टी के हर घर तिरंगा अभियान में शामिल होने की अपील की गयी है। हर घर तिरंगा अभियान के लिये तेरह अगस्त तक तिरंगा यात्रा निकाली जायेगी और लोगों को स्वाधीनता दिवस के अवसर पर अपने घर में तिरंगा फहराने के लिये प्रेरित किया जायेगा। भाजपा के कार्यकर्ता बारह से चौदह अगस्त तक स्थानीय नागरिकों के साथ मिलकर महापुरुषों की प्रतिमाओं और स्मारकों के आसपास स्वच्छता अभियान चलाएंगे। साथ ही अमर बलिदानियों, महापुरुषों की प्रतिमाओं पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन करेंगे। इसके अलावा चौदह अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस पर भाजपा प्रत्येक जनपद में गोष्ठी का आयोजन करेगी और मौन जुलूस भी निकालेगी।

****

पेरिस ओलम्पिक से कांस्य पदक जीत कर भारत लौटी भारतीय हॉकी टीम के खिलाड़ी ललित उपाध्याय का आज वाराणसी के लाल बहादुर शास्त्री अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर भव्य स्वागत हुआ। स्कूली बच्चों, हॉकी खिलाड़ियों और उनके प्रशंसकों ने स्वागत कार्यक्रम को अपनी गर्मजोशी से यादगार बना दिया। वाराणसी पहुंचने के बाद ललित उपाध्याय ने बाबा विश्वनाथ का दर्शन–पूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि ओलम्पिक में भरतीय टीम की ऐतिहासिक सफलता का श्रेय सिर्फ खिलाड़ियों ही नहीं बल्कि पूरे देश को जाता है।

****

सावन के चौथे सोमवार को लेकर प्रदेश के मंदिरों में तैयारियां जोरों पर हैं। वहीं सड़कों पर कांवड़ियों की बड़ी संख्या को देखते हुए प्रशासन की ओर से पुख्ता इंतजाम किये जा रहे हैं। कई जिलों में कांवड़ मार्गों पर यातायात परिवर्तन की व्यवस्था लागू की गयी है। बदायूं और अमरोहा जिले में कांवड़ा यात्रा को देखते हुए निर्धारित तिथि पर विद्यालयों को बन्द करने का निर्णय भी लिया गया है। उधर, आज पीलीभीत में बाइक सवार कांवड़ियों के बीच सम्भागीय परिवहन विभाग की ओर से हेलमेट वितरण का कार्यक्रम आयोजित किया गया।

****

रक्षाबंधन पर इस बार भी अट्ठारह अगस्त की रात से उन्नतीस अगस्त की रात तक निःशुल्क रोडवेज बसों की सेवाएं बहनों को उपलब्ध कराई जायेंगी। इसी क्रम में लखनऊ से छोटे–छोटे शहरों के बीच दो सौ से ज्यादा अतिरिक्त बसों का संचालन किया जाएगा। क्षेत्रीय प्रबंधक ने सभी सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों को इसके लिए दिशा निर्देश जारी कर दिया है।

****

लखनऊ मेल स्वतंत्रता दिवस से चारबाग रेलवे स्टेशन से चलने लगेगी। उत्तर रेलवे प्रशासन की तरफ से इसका संचालन आदेश जारी कर दिया गया है। पन्द्रह अगस्त को पहली बार छह साल बाद यात्रियों को लेकर ट्रेन चारबाग स्टेशन से नई दिल्ली के लिये रवाना होगी। अभी तक यह ट्रेन लखनऊ जंक्शन से प्रतिदिन रात दस बजे दिल्ली रवाना होती थी।

****

प्रदेश के गोरखपुर सहित लगभग सभी जिलों में कल रात से आसमान में घने बादल छाये हुए हैं और गरज–चमक के बीच रूक–रूक कर वर्षा हो रही है। मौसम विभाग के पैमाने पर कुछ स्थानों पर हल्की तो कुछ स्थानों पर मध्यम वर्षा रिकार्ड की गयी है। गोरखपुर में पिछले चौबीस घंटे के दौरान इकतीस मिलीमीटर बारिश दर्ज की गयी है। बादलों के छाये रहने और रूक–रूक कर बूंदाबांदी से लेकर रिमझिम वर्षा होने का सिलसिला जारी है। उधर पश्चिमी जिलों में भी वर्षा का क्रम जारी रहने की खबर है। बदायूं और मैनपुरी में जोरदार बारिश से लोगों को भीषण उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग के अनुसार वर्षा का यह क्रम अगले दो–तीन दिन जारी रह सकता है।

****